राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1220

3 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों की विस्तार योजना का स्थगन

1220. श्रीमती जया बच्चन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कई कंपनियों द्वारा विभिन्न कारणों से मौजूदा इस्पात संयंत्रों के विस्तार और नये इस्पात संयंत्रों की बहुत सारी परियोजनाओं को रद्द कर दिया गया है या अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है;

(ख) क्या इसके कारण घरेलू इस्पात की आपूर्ति में कमी आ गई है और इस्पात के मूल्य में वृद्धि हुई है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे गंभीर कारकों की पहचान की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनको सुधारने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क): जी नहीं। जहां तक इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का संबंध है, वर्तमान इस्पात संयत्रों या नये इस्पात संयंत्रों के विस्तार को रद्द करने अथवा अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

चूंकि इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है, इसलिए निजी क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की परियोजनाओं से संबंधित आंकड़े इस्पात मंत्रालय द्वारा नहीं रखे जाते हैं। इस्पात संयंत्रों की स्थापना और विस्तार करने से संबंधित निर्णय परियोजना प्रवर्तकों द्वारा बाजार गतिविधियों और परियोजनाओं की प्रौद्योगिकी-आर्थिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए लिये जाते है।

(ख) से (ड.): प्रश्न नहीं उठता।

***